# कार्यालय कलेक्टर,जिला-नारायणपुर (छत्तीसगढ़)

## (आदिवासी विकास शाखा)

दूरभाष (कार्यालय) 07781-252881, (फैक्स) 252920

Email-collector.assttw.narayanpur@gmail.com


//सूचना पत्र//

क्रमांक/4272/आ0वि0/एकलव्य/स्था./2023-24 नारायणपुर, दिनांक 03/10/2023

**एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार (वॉक-इन-इन्टरव्यू)**

आयुक्त/पदेन सचिव, छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर के पत्र क्रमांक/EMRS/387/2023-24/4069 नवा रायपुर दिनांक 19.07.2023 के पत्र में दिये गये निर्देशानुसार एवं प्राचार्य एकलव्य विद्यालय, छेरीबेड़ा/ओरछा के मांग अनुसार शिक्षण सत्र 2023-24 में जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के लिए शासन द्वारा निर्धारित मानदेय पर अस्थायी रूप से विभिन्न पदों पर साक्षात्कार (वॉक-इन-इन्टरव्यू) के माध्यम से पूर्ति किया जाना है। विद्यालयवार पद निम्नानुसार है :-

**01. पदों की संख्या :-**

| क्र. | जिला | वि.खं. | विद्यालय का नाम | पी.जी.टी. | | टी.जी.टी. | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अंग्रेजी (अंग्रेजी माध्यम) | भौतिकी (हिन्दी माध्यम) | अंग्रेजी (अंग्रेजी माध्यम) | सा. विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) | गणित | कम्प्यूटर अनुदेशक | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | नारायणपुर | ओरछा | EMRS ओरछा | — | — | 01 | — | — | 01 | **02** |
| 2 | नारायणपुर | नारायणपुर | EMRS छेरीबेड़ा | 01 | 01 | — | 01 | 01 | — | **04** |

**02. पदों के लिए अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता एवं अर्हता :-**

1. **पी.जी.टी. अंग्रेजी** – NCERT के क्षेत्रीय शिक्षण महाविद्यालय द्वारा दो वर्षीय एकीकृत स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम न्यूनतम 50 प्रतिशत् अंकों के साथ उत्तीर्ण हो।

   या

   किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50 प्रतिशत् अंकों के साथ विषय अंग्रेजी साहित्य में स्नातकोत्तर हो। स्नातक पाठ्यक्रम के सभी तीन वर्ष में अंग्रेजी विषय होना अनिवार्य है।

   किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से बी.एड डिग्री हो। तथा कार्य अनुभव 02 वर्ष हो।

   सीबीएसई द्वारा आयोजित केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET) का प्रश्न पत्र-II उत्तीर्ण हो या TET उत्तीर्ण हो।

   (संपूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम संस्थान से होना अनिवार्य है)

2. **पी.जी.टी. भौतिकी** – NCERT के क्षेत्रीय शिक्षण महाविद्यालय द्वारा दो वर्षीय एकीकृत स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम न्यूनतम 50 प्रतिशत् अंकों के साथ उत्तीर्ण हो।

   या

   किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50 प्रतिशत् अंकों के साथ विषय भौतिकी (Physics/Applied physics/Electonics physics/Nuclear Physics) संबंधित में स्नातकोत्तर हो।

   किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से बी.एड डिग्री हो। तथा कार्य अनुभव 02 वर्ष हो।

   सीबीएसई द्वारा आयोजित केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET) का प्रश्न पत्र-II उत्तीर्ण हो या TET उत्तीर्ण हो।

3. **टी.जी.टी. अंग्रेजी** – चार वर्षीय एकीकृत पाठ्यक्रम (NCERT के क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय द्वारा) से स्नातक तथा संबंधित विषय में न्यूनतम 50 प्रतिशत् हो।

या

संबंधित विषय में न्यूनतम 50 प्रतिशत् के साथ स्नातक। स्नातक पाठ्यक्रम के सभी तीन वर्ष में अंग्रेजी हो।
किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से बी.एड डिग्री हो। तथा कार्य अनुभव 02 वर्ष हो।
सीबीएसई द्वारा आयोजित केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET) का प्रश्न पत्र-II उत्तीर्ण हो या TET उत्तीर्ण हो।
(संपूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम संस्थान से होना अनिवार्य है)

4. **टी.जी.टी गणित** – चार वर्षीय एकीकृत पाठ्यक्रम (NCERT के क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय द्वारा) से स्नातक तथा संबंधित विषय में न्यूनतम 50 प्रतिशत् हो।

या

संबंधित विषय में न्यूनतम 50 प्रतिशत् के साथ स्नातक। स्नातक स्तर पर 'गणित' मुख्य विषय के रूप हो तथा दूसरे विषय भौतिक, रसायन, इलेक्ट्रानिक्स, कम्प्यूटर साईंस।
किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से बी.एड डिग्री हो। तथा कार्य अनुभव 02 वर्ष हो।
सीबीएसई द्वारा आयोजित केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET) का प्रश्न पत्र-II उत्तीर्ण हो या TET उत्तीर्ण हो।

5. **टी.जी.टी सामाजिक विज्ञान** – चार वर्षीय एकीकृत पाठ्यक्रम (NCERT के क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय द्वारा) से स्नातक तथा संबंधित विषय में न्यूनतम 50 प्रतिशत् हो।

या

संबंधित विषय में न्यूनतम 50 प्रतिशत् के साथ स्नातक। स्नातक स्तर पर History, Geography, Economic, Political Science में से एक History या Geography हो।
किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से बी.एड डिग्री हो। तथा कार्य अनुभव 02 वर्ष हो।
सीबीएसई द्वारा आयोजित केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET) का प्रश्न पत्र-II उत्तीर्ण हो या TET उत्तीर्ण हो।

6. **कम्प्यूटर अनुदेशक :-**
अ. B.E., B.Tech (Computer Science)/ BCA/MCA/M.Sc (Computer Science) M.Sc. (Electronics with Computer Science Components) M.Sc. (IT)/B.Sc. (Computer Science)
ब. स्नातक में न्यूनतम 50 प्रतिशत् अंक।
स. न्यूनतम 02 वर्ष का कार्य अनुभव।
द. हिन्दी/अंग्रेजी टायपिंग का ज्ञान अनिवार्य होगा।

**03. तिथि एवं समय सारिणी :-**

| क्र. | पदों का विवरण | दिनांक | पंजीयन का समय | साक्षात्कार का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पी.जी.टी अंग्रेजी | 06.10.2023 दिन शुक्रवार | 10:30 बजे से 12:00 बजे तक | 2:30 बजे से 5:30 बजे तक |
| 2 | पी.जी.टी भौतिक | | | |
| 3 | टीजीटी अंग्रेजी | | | |
| 4 | टीजीटी गणित | | | |
| 5 | टीजीटी सा.विज्ञान | | | |
| 6 | कम्प्यूटर अनुदेशक | | | |

**04. स्थान :-** साक्षात्कार उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि कार्यालय के सभाकक्ष में किया जायेगा।

**05. मानदेय :-**

शासन द्वारा नियमानुसार मानदेय दर निर्धारित किया गया है:-

01. पी.जीटी. - Rs.320/–प्रति कालखण्ड के मान से निर्धारित किया गया है।

02. टीजीटी –Rs.300/–प्रति कालखण्ड के मान से निर्धारित किया गया है।
न्यूनतम 5 कालखण्ड प्रति दिन और अधिकतम 6 कालखण्ड आवंटित किया जा सकता है।

| क्र. | पदनाम | बस्तर संभाग/सरगुजा संभाग हेतु मानदेय प्रति कालखण्ड | अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय हेतु मानदेय प्रति कालखण्ड | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| 01 | कम्प्यूटर अनुदेशक | 250/- रू. | 300/- रू. | प्रतिकालखण्ड तथा अधिकतम 04 कालखण्ड |

**06. आयु :-**

दिनांक 01.01.2023 को न्यूनतम आयु 21 वर्ष तथा अधिकतम आयु 35 वर्ष से अधिक न हो। आयु की पुष्टि हेतु मंडल द्वारा जारी की हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा की अंकसूची अथवा सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अंकसूची/प्रमाण पत्र मान्य होगा।

**07. दायित्व :-**

1. निर्धारित कालखण्ड तथा अध्यापन कौशल के साथ अध्यापन कार्य करना होगा तथा सभी आवश्यक अभिलेख संधारित करना होगा।
2. प्राचार्य या वरष्ठि अधिकारियों द्वारा समय-समय पर प्रदत्त अन्य दायित्वों को भी पूर्ण करना होगा।
3. विद्यार्थियों का साप्ताहिक एवं मासिक रिपोर्ट प्राचार्य के समक्ष प्रस्तुत करना होगा।
4. कमजोर छात्रों के लिए पृथक् से कक्षा लेकर उनके विषय की कमजोरी को दूर करना होगा।

**08. चयन का मापदण्ड/आधार :-**

| क्र. | पदनाम | योग्यता | अंक |
|---|---|---|---|
| 01 | पी.जी.टी. अंग्रेजी एवं भौतिकी | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय में स्नातक में प्राप्त प्रतिशत् | प्रतिशत् का 50 अंक |
| | | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय में स्नातकोत्तर में प्राप्त प्रतिशत् | प्रतिशत् का 20 अंक |
| | | कार्य का अनुभव | (1) 02 वर्ष से अधिक अनुभव होने पर प्रत्येक वर्ष के लिए 02 अंक अधिकतम 05 अंक<br>(2) एकलव्य विद्यालयों में कार्योनुभव पर अतिरिकत अंक के रूप में प्रत्येक वर्ष के 01 अंक अधिकत 05 अंक। |
| | | साक्षात्कार | 20 अंक |
| 02 | टी.जी.टी. अंग्रेजी/गणित/सामाजिक विज्ञान | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय में स्नातक में प्राप्त प्रतिशत् | प्रतिशत् का 50 अंक |
| | | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय में स्नातकोत्तर में प्राप्त प्रतिशत् | प्रतिशत् का 20 अंक |
| | | कार्य का अनुभव | (1) 02 वर्ष से अधिक अनुभव होने पर प्रत्येक वर्ष के लिए 02 अंक अधिकतम 05 अंक<br>(2) एकलव्य विद्यालयों में कार्योनुभव पर अतिरिकत अंक के रूप में प्रत्येक वर्ष के 01 अंक अधिकत 05 अंक। |
| | | साक्षात्कार | 20 अंक |
| 03 | कम्प्यूटर अनुदेशक | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय में प्राप्त प्रतिशत् | प्रतिशत् का 70 अंक |
| | | कार्य का अनुभव | (1) 02 वर्ष से अधिक अनुभव होने पर प्रत्येक वर्ष के लिए 02 अंक अधिकतम 05 अंक<br>(2) एकलव्य विद्यालयों में कार्योनुभव पर अतिरिकत अंक के रूप में प्रत्येक वर्ष के 01 अंक अधिकत 05 अंक। |
| | | साक्षात्कार | 20 अंक |

09. आवेदन से संबंधित सामान्य निर्देश :-

1. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है।
2. पदों की संख्या परिवर्तनीय है। जिला स्तरीय समिति को अधिकार होगा कि वह विज्ञापन को किसी भी समय निरस्त कर सकता है या रिक्त पदों में से पूरे आंशिक रूप से भर्ती कर सकता है। समिति को यह भी अधिकार होगा कि वह विज्ञापन की प्रक्रिया व शर्तों को आवश्यकतानुसार होने पर बिना किसी सूचना के संशोधन या परिवर्तन कर सकता है अथवा पर्याप्त कारणों से विज्ञापन निरस्त किया जा सकता है।
3. अभ्यर्थी द्वारा साक्षात्कार में सम्मिलित होने के पूर्व यह सुनिश्चित कर लेवें कि 02 वर्ष का कार्यानुभव अनिवार्य है, 02 वर्ष से कम अनुभव होने पर अपात्र की श्रेणी में रखा जायेगा। अभ्यर्थी को निर्धारित आवेदन पत्र भरकर सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्व प्रमाणित छायाप्रति के साथ लाना होगा तथा आवेदन पत्र के साथ संलग्न किए गए आवश्यक दस्तावेजों की पुष्टि हेतु मूलप्रति भी लाना होगा।
4. अभ्यर्थी द्वारा आवेदन पत्र में गलत ई-मेल आईडी या मोबाईल नम्बर दिये जाने की स्थिति में विद्यालय की जिम्मेदारी नहीं होगी।
5. चयनित अभ्यर्थी को नियुक्ति पत्र/कार्य आदेश पत्र जारी नहीं किया जायेगा।
6. शासन द्वारा निर्धारित मानदेय वास्तविक कार्य अवधि का ही देय होगा।
7. उक्त पद पूर्णतः अस्थाई तथा शैक्षणिक सत्र् 2023-24 के लिए है तथापि किसी भी समय बिना सूचना के कार्य से निकाला जा सकता है।
8. दीर्घकालिक अवकाश, नियुक्ति/प्रतिनियुक्ति/संविदा शिक्षक के आगमन एवं रिक्त पदों की पूर्ति पश्चात् तत्काल कार्य से निकाला जा सकता है।
9. चयनित अभ्यर्थियों का आंकलन प्रतिमाह किया जायेगा। शिक्षण कार्य एवं कार्यव्यवहार संतोषप्रद नहीं पाये जाने पर तत्काल कार्य से निकाला जा सकता है।
10. किसी भी अभ्यर्थी द्वारा नियमितिकरण अथवा कार्य पर पुनः रखे जाने के संबंध में किसी प्रकार का आवेदन/अभ्यावेदन/दावा मान्य नहीं किया जावेगा और न ही इस प्रकार के आवेदन/अभ्यावेदन पर विचार किया जावेगा। इस संबंध में शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।
11. चयन प्रक्रिया में यह पाया जाता है कि किसी उम्मीदवार द्वारा किसी प्रकार का दबाव डलवाया जा रहा है या निष्पक्ष चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा और इस संबंध में किसी प्रकार का दावा भी मान्य नहीं किया जावेगा।
12. किसी प्रकार के विवाद की स्थिति में कलेक्टर/अध्यक्ष, जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति जिला नारायणपुर का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

सहायक आयुक्त,
आदिवासी विकास नारायणपुर

पृ.क्रमांक/4274 /आ0वि0/एकलव्य/स्था./2023-24 नारायणपुर दिनांक 03/10/2023

प्रतिलिपि,

1. आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, रायपुर छ.ग.।
2. कलेक्टर जिला नारायणपुर ।
3. जिला शिक्षा अधिकारी नारायणपुर।
4. सहायक संचालक, जिला जनसम्पर्क कार्यालय नारायणपुर को सूचनार्थ, कृपया समाचार पत्रों में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
5. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, जिला नारायणपुर को सचूनार्थ, कृपया विज्ञापन को जिले के वेबसाईट में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
6. प्राचार्य, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, छेरीबेड़ा/ओरछा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

सहायक आयुक्त,
आदिवासी विकास नारायणपुर

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में अतिथि शिक्षकों का वॉक-इन-इंटरव्यू आमंत्रण

## आवेदन पत्र वर्ष 2023-24

प्रति,

सहायक आयुक्त,
आदिवासी विकास शाखा
जिला नारायणपुर

आवेदक का नवीनतम स्वयं के द्वारा सत्यापित पासपोर्ट साईज की रंगीन फोटो

आवेदित पद/विषय का नाम -..................................................
सीबीएसई हिन्दी/अंग्रेजी माध्यम -..................................................
एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय -..................................................

1. नाम- (हिन्दी में) - ..................................................
   (अंग्रेजी में) - ..................................................
2. पिता का नाम (हिन्दी में) - ..................................................
   (अंग्रेजी में) -..................................................
3. जन्म तिथि (अंकों में) -..................................................
   शब्दों में :- -..................................................
4. दिनांक 01.01.2023 को आयु - वर्ष .............माह...................दिन...........
   पुष्टि हेतु हाई स्कूल का प्रमाण पत्र
5. लिंग - पुरूष/महिला - ..................................................
6. जाति -..................................................

(अनु.जाति/अनु.जनजाति/अ.पि.व./सामान्य उल्लेख करें।) जाति प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें।

7. क्या छ.ग. के मूल निवासी हैं? - ..................................................
8. पत्राचार का पता -..................................................
   ..................................................
   ...............................मोबाईल नं................
9. स्थाई पता -..................................................
   ..................................................
   ..................................................

10. अनिवार्य शैक्षणिक अर्हताओं का विवरण :-

| क्र. | स्नातक/स्नातकोत्तर | उत्तीर्ण वर्ष | परीक्षा में सम्मिलित विषय | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत् | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |

11. रोजगार कार्यालय का नाम :-.............................................

जीवित पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक :-.............................................

12. संलग्न प्रमाण पत्र

1. ............................................ 2.............................................
3. ............................................ 4. ............................................
5............................................ 6 ............................................
7 ............................................ 8.............................................

अभ्यर्थी का पूर्ण हस्ताक्षर

## अभ्यर्थी का घोषणा पत्र

मैं घोषणा करता/करती हूं कि, इस आवेदन पत्र में दिये गये सभी विवरण मेरे सर्वोत्तम विश्वास एवं जानकारी अनुसार सत्य, पूर्ण एवं सही है, एवं आवेदित पद के लिए मैं निर्धारित योग्यता रखता/रखती हूं। मुझे जानकारी है कि, इसमें दी गई कोई भी जानकारी या सूचना गलत/असत्य पाये जाने पर उक्त पद के लिए मेरी उम्मीदवारी रद्द या निरस्त की जा सकती है। इस संबंध में मुझे कोई नोटिस दिये बिना सेवाएं समाप्त की जा सकती है।

दिनांक :-..........................

स्थान :-..........................

अभ्यर्थी का पूर्ण हस्ताक्षर

पूरा नाम व पता :-...............................

मोबाईल नं. :-.............................